तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 परलकोट अंचल में परंपरागत ढंग से आदिवासी...

14 बाल कैबिनेट गठित, अविनाश को बनाया ...


## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा दी, कोचिया पकड़ाया

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम नयापारा कराठी में उमेश यादव अपने घर सामने कुछ लोगों को शराब पीने के लिए संसाधन मुहैया उपलब्ध कराते हुए लोगों को शराब पिला रहा है कि जानकारी पुलिस को मुखबिर से मिला था। मिली जानकारी कि तस्दीक कर 23 जुलाई को दोपहर 1 बजें ग्राम नयापारा कराठी में दबिश दिया। शराब पीने वाले व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर इधर उधर भाग गए। मौके से नयापारा कराठी निवासी 32 वर्षीय उमेश यादव पिता भुनेश्वर यादव को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से एक सफेद रंग की 2 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बॉटल में भरी हुई देशी महुआ शराब लगभग 90 एमएल कीमती करीबन 50 रूपये एवं 2 नग प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।



### राजा तालाब के आसपास किया गया पौधारोपण



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत के द्वारा राजा तालाब के पास एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा हम सभी को अपने जीवन में हर साल वृक्षारोपण करना चाहिए। इस रोपित पौधों को पेड़ बनते तक लगातार संरक्षित भी करना है। इस मौके पर भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, सचिन दुबे, मिलन साहू, सीएमओ इंद्रलाल पटेल व अन्य नगर पंचायत के स्वच्छता दीदी व सफाई कर्मी उपस्थित रहें।

### ग्राम सिरसिदा में किया गया वृहद पौधारोपण



**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम पंचायत सिरसिदा अंतर्गत संचालित आदिवासी बालक आश्रम, संयुक्त शाला पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक पाठ शाला, शीतला पारा प्राथमिक पाठ शाला एवं क्रमांक 01 से 03 तक तीनों आंगनबाड़ियों में, स्कूल परिसर एवं रोड किनारे व्यापक रूप से वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच कैलाश कोवाची, उपसरपंच दशरथ पोया, कन्हैया सिंह ठाकुर, यादों राम साहू, चेतन मंडावी, सरिता देवा, कृपा सेवता, प्रमिला संगीया कविता सेवता, अमृता मंडावी, बालक आश्रम अधीक्षक अनिल नेताम, प्रधान पाठिका हेमीन पिस्दा, पीमन सिन्हा, महेंद्र सिंह ठाकुर, देव लाल ठाकुर, चारों प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाए समस्त स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी व ग्राम वासी उपस्थित रहें।

### करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थाना के हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम डोडकावाही निवासी 25 वर्षीय खिलावन नागवंशी का करंट की चपेट में आने से 9 जुलाई को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को बिजली करंट के संपर्क में आने से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**आत्मसमर्पण : सीपीआई माओवादी संगठन उत्तर बस्तर डिविजन के परतापुर, रावघाट कमेटी एवं माड़ के 13 सक्रिय नक्सलियों ने किया समर्पण**

# माओवादियों ने भटकाया रास्ता, हमारा किया शोषण साय सरकार की पुनर्वास योजना से मिला पुनर्जीवन



**खास बातें**

- आत्मसमर्पण करने वालों ने समर्पण के दौरान भवनाओं को किया व्यक्त
- परतापुर एवं रावघाट कमेटी के आधे से अधिक सदस्यों ने संगठन छोड़ा
- समर्पण करने वालों ने किया कई खुलासे, पुलिस को मिलेगी बड़ी सफलता
- मददगार करने वालों के नाम फाइल में कैद, कई मददगार जाएंगे जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

जिला कांकेर के कई ईलाकों में आतंक मचाने वाले 13 नक्सलियों ने अंततः समर्पण करके सरकार की पूना मारगेम यानी पुनर्वास से पुनर्जीवन यानी बदलाव की एक सशक्त पहल में शामिल हुए। सरकार ने इनके पुर्नजीवन शुरू करने के लिए पहले दिन ही 50-50 हजार रूपएं देकर बेहतर जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया है। समर्पण करने वालों का कहना था कि हम न तो नक्सली है, न माओवाद है, बस्तर के आम आदमी है, परंतु दूसरे राज्य से बस्तर में आने वाले माओवादियों ने कई तरह के भय और कई तरह की गलत जानकारी देकर अपने जाल में फंसाया और हमे नक्सली और माओवाद बना दिया था, जिससे हम अपने लोगों की ही जान ले रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि बदलाव की एक सशक्त पहल एवं शासन की आत्मसमर्पण एंव पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों के खोखली विचारधारा, उनके ▸▸ शेष पेज 12 पर

### मैनू नेगी (नरेटी) उर्फ करिया



**8 लाख का इनामी**

डीव्हीसीएम एवं उत्तर बस्तर डिवीजन कमाण्ड इन चीफ 35 वर्षीय मैनू नेगी (नरेटी) उर्फ करिया पिता रजउ राम नरेटी कांकेर जिले के सिकसोड़ थाना के ग्राम कोईनटोला का निवासी है और वर्ष 2006 नक्सल संगठन में भर्ती हुआ था। नक्सली संगठन में 19 वर्षो तक रहकर कई घटनाओं को अंजाम दिया, जिसमें 2009 में पीव्ही 34 एवं पचांगी के मध्य एम्बुश जिसमें 02 जवान शहीद व 01 घायल महिला आरक्षक की अपहरण एवं 03 हथियार लूटने की घटना, 2009 में रिसगांव मुठभेड़ 13 जवान शहीद, 2009 में मन्हाकाल एम्बुश की घटना, जिसमें 03 जवान शहीद व 09 जवान घायल, 2010 में उदनपुर कैम्प पर हमला, 2011 में सुलंगी एम्बुश की घटना बीएसएफ के 02 जवान शहीद, 04 जवान घायल, 01 इंसास रायफल लूटे, 04 नक्सली मारे गए, 2015 में चारगांव मेटाबोदेली माईंस में 28 वाहनों में आगजनी, 2015 में आईईडी विस्फोट की घटना, 02 जवान शहीद, 2019 में महला एम्बुश, जिसमें बीएसएफ के 04 जवान शहीद, 2023 में कोयलीबेड़ा बाजारपारा यात्री बस आगजनी, 2023 में गट्टाकाल व मिण्डी के मध्य 03 वाहन में आगजनी, 2023 में आलपरस व गुंदूल के मध्य 12 वाहन में आगजनी की घटना में शामिल रहा।

### नरेश दुग्गा उर्फ रूपजी



**8 लाख का इनामी**

माड़ डिवीजन टेलर टीम इंचार्ज 38 वर्षीय नरेश दुग्गा उर्फ रूपजी राम पिता स्व. चमार सिंह कांकेर जिले के थाना सिकसोड़ के ग्राम अलकानार का निवासी है और वर्ष 2002 में नक्सल संगठन भर्ती में भर्ती हुआ था। 23 वर्षो से नक्सलियों के साथ रहकर कई घटनाओं में शामिल रहा, जिसमें 2002 में पोरोण्डी राशन दुकान में लूट की घटना, 2002 में गावडेगांव निवासी से मारपीट व डकैती की घटना, 2003 में चारगांव माईंस आगजनी की घटना, 2003 में उदनपुर पंचायत भवन में डकैती की घटना, 2014 में कंदाडी जंगल पुलिस- नक्सली मुठभेड़ की घटना में शामिल रहा।

### कारू वेड़दा उर्फ निलेश



**8 लाख का इनामी**

मिलिट्री नंबर 05 प्लाटून नंबर 02 सेक्सन ए का उप कमांडर 35 वर्षीय कारू वेड़दा उर्फ निलेश वेड़दा पिता बोड़गा नारायणपुर जिले के थाना ओरछा क ग्राम कोडेलेर का निवासी है। वर्ष 2007 में नक्सल संगठन भर्ती हुआ था और 18 साल नक्सली संगठन से जुड़कर कई घटनाओं में शामिल रहा, जिसमें 2015 में चारगांव मेटाबोदेली माईंस में 28 वाहनों में आगजनी, 2019 में महला एम्बुश की घटना, 2023 में 03 वाहन में आगजनी की घटना, वर्ष 2024 में काकनार मुठभेड़ की घटना में शामिल जिसमें 01 नक्सली मारा गया था।

### माडवी सोनमति उर्फ भीमे



**8 लाख का इनामी**

माड़ डिवीजन कंपनी नंबर-01 सदस्य 28 वर्षीय माडवी सोनमति उर्फ भीमे पिता सोमारू बीजापुर जिले के ग्राम गोंडेबटूम ग्राम पचांयत कोण्डापल्ली का निवासी है और वर्ष 2015 नक्सल संगठन भर्ती हुआ था। नक्सली संगठन में 10 वर्षो में काम करने के दौरान 2018 में ईरपानार एम्बुश घटना, 02 जवान शहीद, 2019 में महला एम्बुश की घटना, 2019 में जडडा एम्बुश की घटना, 2024 में ग्राम कोड़तामरका - आदिमपारा मुठभेड़ की घटना में शामिल, जिसमें 08 नक्सली मारे गए थे।

### मंगलू उर्फ रुपेश



**दस लाख का इनामी**

माड़ डिवीजन मिलिट्री कंपनी नंबर 01 कमाण्डर सीवायपीसी 35 वर्षीय मंगलू रूपेश उर्फ अरुण कोमरा पिता स्व. समरत कोमरा कांकेर जिले के ताड़ोकी थाना के ग्राम आमाकड़ा का निवासी है और 2003 से नक्सल संगठन में जुड़ा था। नक्सलियों के साथ 22 वर्षो तक रहते हुए 2006 में गोण्डबिनापाल के पास रोड़ में प्रेशर आईईडी विस्फोट व एम्बुश लगाने की घटना, 02 जवान शहीद व 02 जवान घायल, 2009 में मन्हाकाल एम्बुश की घटना, 2011 में सुलंगी एम्बुंश, 2017 में टेकानार के पास यात्री बस को आगजनी, 2019 में जडडा एम्बुश की घटना 01 जवान घायल, 2020 में कोहकामेटा चेकपोस्ट में फायरिंग की घटना, जिसमें 01 जवान घायल की घटना में शामिल रहा।

### शीला उर्फ देवली



**5 लाख की इनामी**

रावघाट एसी सदस्य 37 वर्षीय शीला उर्फ देवली पुडो पति अनिल उर्फ भीमा (पूर्व पति उधम सिंग तुलावी) पिता स्व. रामसिंग राम पुडो मानपुर मोहला जिले के थाना मानपुर के ग्राम मरकेली की निवासी और 2009 से नक्सल संगठन में भर्ती हुई थी, तब से 21 घटनाओं में शामिल रही, जिसमें 2016 में बड़गांव एवं पिपली के मध्य आईईडी विस्फोट की घटना, 2018 कैम्प महला अटैक की घटना, 2023 में चिलपरस आईईडी विस्फोट की घटना, 01 जवान घायल, 2024 में भोमरा -हुरतराई पुलिस नक्सली मुठभेड़ की घटना, 03 नक्सली मारे गए में शामिल रही।

### सरादो उर्फ समीला



**5 लाख की इनामी**

एसजेडसीएम सुजाता की गार्ड एवं एसीएम एवं उत्तर बस्तर डिवीजन टेलर युनिट टीम कमांडर 35 वर्षीय सरादो उर्फ समीला उर्फ संगीता उसेण्डी कांकेर जिले के आमाबेड़ा थाना के मेचानार की निवासी है और 2006 में नक्सल संगठन में भर्ती हुई थी। 19 वर्षो तक नक्सल संगठन में रहते हुए वर्ष 2012 उदनपुर कैम्प में हमला, 2015 में कोयलीबेड़ा और मरकानार के मध्य आईईडी विस्फोट की घटना, 02 जवान शहीद, 2015 में मर्राम पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की घटना, 2015 में चारगांव मेटाबोदेली माईंस में 28 वाहनों में आगजनी की घटना में शामिल रही।

### मानुराम धुरवा उर्फ भारत



**5 लाख की इनामी**

परतापुर एरिया कमेटी सदस्य 45 वर्षीय मानूराम धुवा उर्फ बिरेन्द्र पिता स्व. रागा राम धुरवा कांकेर जिले के परतापुर थाना के ग्राम कुली का निवासी है और 2007 में नक्सल संगठन में भर्ती हुआ था। 18 वर्षो तक नक्सल संगठन में रहते हुए 23 घटनाओं में शामिल रहा, जिसमें प्रमुख घटनाएं 2007 में साधुमिचगांव मोड़ एम्बुश एवं आईईडी विस्फोट की घटना, 2008 में सुलंगी (हनुमान मंदिर) एम्बुश की घटना, 2008 ग्राम कोण्डे एवं छिंदपाल के मध्य आईईडी विस्फोट एवं एम्बुश की घटना, 2023 में बांगोभोड़िया में 02 वाहनों में आगजनी, 2023 में बिनागुण्डा मुठभेड़ की घटना में शामिल रहा, जिसमें 01 नक्सली मारी गई थी।

### सुकारो नुरूटी



**1 लाख का इनामी**

रावघाट एलओएस सदस्य 20 वर्षीय सुकारो नुरूटी पिता कोटीराम नुरूटी नारायणपुर जिले के थाना ओरछा के ग्राम मरकाबेड़ा निवासी है और 2022 में नक्सल संगठन में भर्ती हुई थी। तीन वर्षो में 2022 में कोयलीबेड़ा बस में आगजनी की घटना, 2023 में आलपरस व गुंदूल के मध्य 12 वाहन में आगजनी की घटना, 2023 में आलपरस पुलिस-नक्सली मुठभेड़ और 2024 माह दिसंबर ग्राम आलपरस एवं कुरकुंज के मध्य पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल रही।

### असनुराम कोरसा



**1 लाख का इनामी**

परतापुर एलओएस सदस्य 20 वर्षीय असनुराम कोरसा पिता तिरकाराम कोरसा कांकेर जिला के थाना परतापुर के ग्राम वट्टेकाल का निवासी था और 2023 में नक्सल संगठन में भर्ती हुआ। दो वर्षो में वर्ष 2024 ग्राम बिनागुण्डा जंगल पहाड़ी पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की घटना 01 महिला नक्सली मारी गई में शामिल रहा था।

### राजू नुरूटी



**1 लाख का इनामी**

परतापुर एलओएस सदस्य 21 वर्षीय राजू नुरूटी उर्फ सोहन नुरूटी नारायणपुर जिले के थाना सोनपुर के ग्राम कोंगे निवासी है और 2021 में नक्सल संगठन से जुड़ा था। चार वर्षो में 2023 में ग्राम बांगोभोड़िया में 02 वाहन में आगजनी, 2023 में 05 वाहनो में आगजनी, 2023 में ग्राम मरकाबेड़ा निवासी ग्रामीण जगदीश पद्दा की हत्या, 2024 में ग्राम कोड़ोनार निवासी ग्रामीण कटिया नुरूटी की हत्या, 2024 में ग्राम कलपर निवासी ग्रामीण कोमी नुरूटी की हत्या और 2024 में ग्राम मरकाबेड़ा पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की घटना में शामिल रहा।

### सोमारी कोर्राम



**1 लाख का इनामी**

रावघाट एलओ सदस्य 30 वर्षीय सोमारी कोर्राम उर्फ कविता नारायणपुर जिले के थाना ओरछा के ग्राम भाटनार निवासी है और वर्ष 2012 नक्सल संगठन में भर्ती हुई थी। नक्सलियों के साथ 13 वर्ष रहकर कांकेर जिले में कई घटनाओं में शामिल रही।

### सुकदू पद्दा



**1 लाख का इनामी**

रावघाट एलओएस सदस्य एवं डीव्हीसीएम सुकलाल का गार्ड 20 वर्षीय सुकदू उर्फ पवन पद्दा नारायणपुर जिले के थाना सोनपुर के ग्राम कोरोनार का निवासी है और 2022 नक्सल संगठन में भर्ती हुआ था। तीन वर्षो में 2023 में ग्राम गोमें पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में, 2023 में ग्राम आलपरस व गुंदूल में 12 वाहन में आगजनी, 2023 में ग्राम गट्टाकाल व मिण्डी के मध्य 03 वाहन में आगजनी, 2024 में ग्राम जुंगडा आमापारा सनकूराम गोटा की हत्या, 2024 में गटटाकाल जंगल पहाडी आईईडी विस्फोट की घटना में शामिल रहा।

## मंत्री हुए अंदर तो कांग्रेस रही चुप, अब पुत्र मोह में आर्थिक नाकेबंदी : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा शराब घोटाले में जेल गए, तब कांग्रेस ने आर्थिक नाकेबंदी नहीं करवाया था और आज पूर्व सीएम भूपेश बघेल का बेटा चैतन्य बघेल जेल गया तो कांग्रेस ने आर्थिक नाकेबंदी करवा दिया। कांग्रेस का दोहरा चरित्र यहीं से उजागर होता है। उक्त बातें अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने मीडिया से कही। अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आने के बाद कांग्रेस में भी पूर्व सीएम भूपेश बघेल की स्वीकार्यता खत्म हो रही है। आखिर कब तक पूर्व सीएम अपनी सरकार में हुए भ्रष्टाचारों पर पर्दा डालने के लिए ऐसे काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल पहले धन मोह में अपनी साख गंवा दी, अब पुत्र मोह में धृतराष्ट बने बैठे हैं। पहली बार देखा जा रहा है कि भ्रष्टाचारियों के पक्ष में आर्थिक नाकाबंदी करके निर्दोष आम जनता को सजा देने का षड्यंत्र ▸▸ शेष पेज 12 पर



## अंचल में मनाई हरेली, कृषि औजार और यंत्रों की पूजा की एवं गेड़ी का बच्चों ने लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज : बासनवाही

प्रदेश के प्रमुख व प्रथम त्योहार हरेली कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन अंचल में मनाया गया। हर गांव में किसान सुबह अपने खेतों में नीम और भेलवा के टहनी को नया हरी भरी फसल को बारिश के मौसम में कीटाणुजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए लगाया गया। साथ ही किसान अपनी फसलों की बोआई, रोपाई करने वाले ▸▸ शेष पेज 12 पर



### स्वामी आत्मानंद पटौद में कृषि यंत्रों की पूजा कर मनाया हरेली पर्व



**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद में व्यवसायिक पाठ्यक्रम कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रों की पूजा कर हरेली पर्व मनाया गया। इस अवसर पर कृषि व्यवसायिक शिक्षिका टिकेश साहू द्वारा हरेली पर्व मनाने का उद्देश्य एवं महत्व को बताया गया। विद्यालय में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम कृषि के अन्तर्गत केवल ▸▸ शेष पेज 12 पर

**ग्राहकों से पैसे वसूले पर कंपनी में जमा नहीं किया**

## फाइनेंस कंपनी के सेल्सकर्मी ने ग्राहकों से बाइक लोन के नाम पर की 18.22 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

निजी फाइनेंस कंपनी में मोटर सायकल एवं पर्सनल लोन की स्वीकृति का कार्य करने वाला सेल्सकर्मी कंपनी के कुछ ग्राहकों से पैसो की वसूली कर लिया, परंतु कंपनी के खाते में जमा नही किया। सेल्सकर्मी ने ग्राहकों के साथ धोखा करते हुए ग्राहकों की राशि को डकार गया। शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे अमरदत्ता ने पुलिस को बताया कि मैं श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड शाखा पखांजुर का शाखा प्रबंधक हूँ। हमारी शाखा के कर्मचारी पीव्ही 126 रामकृष्णपुर निवासी प्रसंजित बाला पिता स्व. भावेश बाला 13 अक्टूबर 2022 से सेल्सकर्मी के पद में कार्यरत था और बंगाल साइकिल एंड ऑटो पार्ट (टीव्हीएस) तथा बजाज शोरूम में बैठकर मोटर साइकिल तथा पर्सनल लोन स्वीकृति का कार्य करते था, उनका काम कलेक्शन का नहीं था। 29 सितंबर 2024 को श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड शाखा पखांजुर के दो से तीन ग्राहकों द्वारा मौखिक शिकायत किए कि उनका किस्तों का रकम प्रसंजित बाला के पास भुगतान किया, लेकिन ग्राहकों द्वारा जमा किया गया किस्त की रकम हमारे कम्पनी में जमा नहीं हुआ। हमने 30 सितंबर 2024 को प्रसंजित बाला को बर्खास्त करते हुए कंपनी के तरफ से जांच शुरू किया। प्रसंजित बाला ने 54 ग्राहकों को गुमराह करते हुए स्वंय को कलेक्शन कर्मचारी बताते हुए गलत जानकारी एवं फर्जी रसीद देकर कुल 32 लाख 44 हजार 270 रूपएं वसूले ▸▸ शेष पेज 12 पर




- आरोपी प्रसंजित बाला के खिलाफ मामला दर्ज, विवेचना शुरू



## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में पुलिस ने चलित थाना लगा बच्चों को किया जागरूक

**कोंडागांव।** फरसगांव थाना पुलिस ने बुधवार को स्वामी आत्मानंद हिंन्दी माध्यम स्कूल में चलित थाना का आयोजन किया। चलित थाना के माध्यम से स्कूल में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को भारत सरकार द्वारा लागू किये गये तीन नये अपराधिक कानून के संबंध में सायबर अपराध, सायबर अपराध से खुद को बचाने का तरीकों के बारे में तथा महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों व यातायात नियमों का पालन करने एवं नशामुक्ति के तहत नशीली दवाओं के खतरे के बार में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### अतिथि शिक्षकों के 40 पदों का वॉक इन इंटरव्यू निरस्त

**कोण्डागांव।** शिक्षण सत्र 2025–26 के लिए जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों के 40 पदों पर आयोजित वॉक–इन–इंटरव्यू को रद्द कर दिया गया है। आदिवासी विकास सहायक आयुक्त, कोण्डागांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन पदों के लिए जिला स्तरीय समिति द्वारा साक्षात्कार का आयोजन किया गया था। इसकी वरीयता सूची भी संस्था प्रमुखों द्वारा 15 जुलाई को जारी की गई थी। हालांकि, वरीयता सूची तैयार करते समय अनुभव के अंक दिए जाने में संस्था प्रमुखों द्वारा विसंगतियां पाई गईं। अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए, इस साक्षात्कार वॉक–इन–इंटरव्यू को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

### हरेली त्योहार को धूमधाम से मनाया किसानों ने की कृषि उपकरणों की पूजा



**कोण्डागांव।** किसानों का पहला पारंपरिक त्योहार हरेली के गाँवों में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपने कृषि उपकरणों की साफ–सफाई कर उनकी पूजा–अर्चना की। हरेली के दिन बैलों को सजाकर उनकी विशेष पूजा की गई। इसके साथ ही, गाँवों में पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और बुजुगोंर् ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गेड़ी चढ़ना इस त्योहार का एक प्रमुख आकर्षण रहा, जिसमें सभी ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। गांव की महिलाओं ने पारंपरिक हरेली गीत गाए और विशेष व्यंजन तैयार किए, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का माहौल बन गया।

### 900 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप 28 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा कुल 900 पदों पर भर्ती के लिए 28 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत नगरी में सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा सिक्युरिटी गार्ड, सिक्युरिटी सुपरवाईजर, लेबर, बीमा सखी, ग्रामीण कैरियर एजेंट, शहरी कैरियर एजेंट, सामान्य एजेंट आदि की भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

# बकायादार 8 वाहनों से जांच के दौरान वसूला 8.22 लाख टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

## वाहन टैक्स न भरने वालों पर आरटीओ ने कसा शिकंजा

अलग खबर

जिले के परिवहन विभाग के आरटीओ की टीम ने वाहनों पर टैक्स बकाया वसूली के लक्ष्य को पूरा करने में जुटे हुए हैं। इसकी वसूली के लिए आरटीओ ने बकायादार वाहन मालिकों को नोटिस देकर बकाया का भुगतान करने को कहा गया। भुगतान नहीं देने पर दूसरी नोटिस दी जाएगी, उसके बाद तीसरी बार नोटिस के साथ वाहन की कुर्की की जाएगी। इस दौरान आरटीओ की टीम ने टैक्स बकायादार 8 वाहनों से लगभग 8.22 लाख रुपये का टैक्स वसूला है। नोटिस के बाद टैक्स बकाया वाले वाहन नहीं मिलने पर मालिक की दूसरी वाहन या संपत्ति की कुर्की की जाएगी। इसके अलावा बकाएदारों के नाम, पता, वाहन नंबर, बकाया अवधि एवं टैक्स की राशि जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। साथ ही इसमें लोगों को हिदायत दी जाएगी कि सूची में दर्ज टैक्स डिफाल्टरों से किसी भी प्रकार का लेनदेन न करें। इसके अलावा, यदि सूची में लिखे नंबरों वाले वाहन जिले में चलते दिखे तो फौरन आरटीओ कार्यालय में सूचित करें ताकि जब्त करने की कार्रवाई कर सके। हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में काउंटर लगाया गया है और अब ब्लॉक मुख्यालयों में समय-समय पर भी इसके लिए एचएसआरपी का शिविर लगाए जा रहे हैं। हॉलांकि बस्तर जिले में डेढ़ लाख वाहनों पर एचएसआरपी लगेंगे, इसमें से जांच में अब तक लगभग 10 हजार वाहनों में यह प्लेट लगाया गया है।



### टीबी मरीजों की फूड बास्केट के लिए दी राशि

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर की अपील पर टीबी मरीजों के लिए फुड बास्केट पर आरटीओ कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहित 60 हजार रूपए की भुगतान भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बस्तर के माध्यम से किया गया।

## आयोजन: छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना में दी गई साइकिलें

# नवप्रवेशी सभी बच्चे भाग्यशाली, सम्मान समारोह में होता है स्वागत : नीलकंठ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ केशकाल

छत्तीसगढ़ में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत समारोह एक भव्य आयोजन के रूप में मनाया गया। विधायक नीलकंठ टेकाम ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने बच्चों को भाग्यशाली बताते हुए कहा कि सरकार वर्ष 2000 में राज्य गठन के बाद से ही ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

- प्रतिभाओं का सम्मान, रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति

विधायक नीलकंठ टेकाम ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की सरस्वती साइकिल योजना की सराहना की, जिससे अब तक लाखों छात्राओं को लाभ मिल चुका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इतनी सुविधाओं के बावजूद यदि बच्चे अच्छी पढ़ाई नहीं कर पाते हैं तो यह उनकी स्वयं की गलती होगी। उन्होंने अपने डिप्टी कलेक्टर के कार्यकाल को याद करते हुए बताया कि कैसे बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में परचनपाल को शिक्षा परिसर के रूप में चुना गया और कोडगाँव जिले में पिपरा में यह विद्यालय 2014 में प्रारंभ किया गया। उन्होंने 100 सीटर आवासीय विद्यालय के सपने के पूरे होने पर भी खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरा के सरपंच गोपेंद्र मरकाम ने की। जिन्होंने परिसर में पानी और बिजली जैसी असुविधाओं की ओर विधायक का ध्यान आकर्षित किया. जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। उन्होंने सभी बेटियों से खूब पढ़ाई कर अपने और अपने परिवार का नाम रोशन करने की अपील की।



**विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुति ने मोहा**

शाउमा विद्यालय पिपरा, माध्यमिक विद्यालय पिपरा और कन्या शिक्षा परिसर ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। यह पूरा कार्यक्रम सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश सेठिया, बीआरसी जी. आर. साहू, बी.आर.पी. बलराम नाग और प्राचार्य दिनेश पांडे के मार्गदर्शन में अरुण पम्हार, संजय ठाकुर, सोनभद्र, समस्त सीएसी केशकाल आदि के विशेष योगदान से सफल रहा। कन्या शिक्षा परिसर के समस्त स्टाफ, जिनमें प्राचार्य अजय शर्मा, मनोज डडसेना, राकेश विश्वकर्मा, एन. पचबिये, संतोष वर्मा, सहदेव मरकाम, श्याम लाल कोर्राम, सुनीति सोनी आदि शामिल थे। सभी ने अपना भरपूर योगदान दिया।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर जिला महामंत्री आकाश मेहता, संगठन पदाधिकारी विजय पोया, कन्या शिक्षा परिसर पिपरा के शाला विकास समिति अध्यक्ष संजय पोया, ईरागाँव के मंडल अध्यक्ष संतोष सिन्हा, पूर्व सरपंच बोधन नेताम, पतिराम मंडावी, बृज सलाम, मंशा पटेल, अमृत , कामेश्वर साहू, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेवी कृष्ण दत्त उपाध्याय, सहदेव कमेटी, नगर निरीक्षक फरसगाँव संजय शिंदे, प्रांतीय संचालक केदार जैन, अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ए. वैष्णव, प्रवक्ता सोयेब अली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वागत भाषण खशिअ सी. एल. मंडावीने दिया। संचालन लोकेश गायकवाड़ और आभार प्रदर्शन दिनेश साहू ने किया।

**छात्राओं को दी साइकिल और प्रतिभा का सम्मान:** कार्यक्रम में सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त, राज्य स्तरीय स्काउट सम्मान पिलेश्वर नाग, जतिन पटेल, नागेश्वर और ईश्वर लाल को प्रदान किया गया। शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए भी छात्रों को सम्मानित किया गया। पांचवीं कक्षा के गिरीदीप विद्यालय केशकाल के हिमाशु सिन्हा, मंगलम निराला, तनु श्री निराला, तनु श्री पटेल।

आठवीं बोर्ड पीएमश्री केशकाल की निकिता कुंभकार, कन्या शिक्षा परिसर की अंजली मरकाम, सुमन मरकाम।

हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाः पीएमश्री केशकाल के आदि देव सोनवानी, प्रियंका तातेड़, इस्का जैन।

हायर सेकेंडरीः पीएमश्री केशकाल के जैन पारेख, मो. फैज मोमिन, शुभम गुप्ता इन सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। आयोजन समिति ने विधायक, जनपद अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, सरपंच और उपसरपंच को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# सुपोषण की बात महतारियों के साथ कार्यक्रम में दी गई अहम जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नगर पंचायत पखांजुर के आंगनबाड़ी केंद्र मंदिरपारा में सुपोषण के बात महतारीओ के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य माताओं और बच्चों के बीच पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, जिसमें वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ हुआ। महिलाओं ने सभी उपस्थित अतिथियों को रक्षा सूत्र बांधकर अपनी संस्कृति और सम्मान का प्रदर्शन किया। इसके उपरांत एक पेड़ मां के नाम के प्रेरक संदेश के साथ वृक्षारोपण किया गया, जो पर्यावरण संतुलन और हरियाली के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम था। मुख्य अतिथि नारायण साहा ने सभी हितग्राहियों से आग्रह किया कि वे शासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से संचालित समस्त योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पेड़ लगाने का अव्हान किया ताकि पर्यावरण संरक्षण में सभी का योगदान सुनिश्चित हो सके। यह कार्यक्रम महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अतिरिक्त वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के प्रयास भी सराहनीय हैं। इस तरह के आयोजनों से समुदाय में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष शंकर सरकार, पार्षद पंकज मुखर्जी, मनोज हालदार, गणेश साहा, रंजन दास और सेक्टर पर्यवेक्षक ऋतु पटेल भी मौजूद रहें। पखांजुर सेक्टर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नन्हे बच्चे और उनके पालकगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

# प्रशिक्षु चालकों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गोविंदपुर द्वारा 26 जुन से 25 जुलाई तक 30 दिवसीय वाहन मालिक चालक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा यातायात संबंधी जानकारी प्रदान की गई। यातायात के सड़क संकेतों, विद्युत सिग्नल, यातायात पुलिस के संकेतों तथा चालक के द्वारा दिए जाने वाले संकेतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों एवं विश्लेषण अनुसार दुर्घटनाओं के कारण के बारे में जानकारी बताते हुए उनके निदान के उपाय भी बताए गए और साथ ही मोटरसाइकिल में हेलमेट व चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट की उपयोगिता के बारे में बताया गया। वाहन चालन के दौरान रखे जाने वाले दस्तावेजों जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, आरसी बुक, प्रदूषण परमिट आदि की उपयोगिता के बारे में बताया गया। वाहन चालन के दौरान बरती जाने वाली लापरवाही, मादक वस्तुओं एवं शराब सेवन कर वाहन चलाना, तेज गति, ओवरलोड सवारी बैठाना, असुरक्षित ओवरटेक, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, सड़क पर वाहन खड़ा करने, बिना इंडिकेटर के वाहन को मोड़ने आदि से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर यातायात विभाग के पूरन मंडावी तथा संस्थान के नितेश साहू, संजय कुमार महावीर, कमलेश कुमार सिन्हा, नागेंद्र यादव, नागेश्वर कुमार पटेल एवं प्रशिक्षक राहुल कुमार नेताम एवं बाबूलाल सलाम उपस्थित रहे।




### जंगल में मिला महिला का कंकाल, हुई शिनाख्ति

**नगरी।** एक माह पहले गुमशुदा महिला का कंकाल बोराई थाना से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर जंगल में मिलने से गांव में दहशत का माहौल है। कंकाल में लिपटे कपड़ों से परिजनों ने लापता महिला के कंकाल की शिनाख्त की। समाजसेवी सन्नी छाजेड़ ने बोराई पुलिस पर महिला को ढूंढने में लापरवाही का आरोप लगाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बोराई निवासी लगभग 50 वर्षीय महिला बसंता नेताम पिछले एक माह से लापता थी। बताया जाता है कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। गुमशुदा महिला की रिपोर्ट बोराई थाने में परिजनों द्वारा की गई थी। थाने से मात्र दो किलोमीटर की दूरी में जंगल में मानव कंकाल होने की जानकारी चरवाहों ने पुलिस को दी। पुलिस ने कंकाल को बरामद किया। काफी पुराना होने के कारण शव का पीएम नगरी में नहीं हुआ। पीएम के लिए रायपुर भेजा गया है।

# महतारी एक्सप्रेस से ईएमटी को हटाने से गर्भवती महिलाओं की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर

पखांजूर सिविल अस्पताल में महतारी एक्सप्रेस 102 सेवा से आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन ईएमटी को हटाए जाने से गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अब इस आपातकालीन एम्बुलेंस में केवल ड्राइवर ही मौजूद रहता है, जबकि मरीजों को देखने या प्राथमिक उपचार देने के लिए कोई भी चिकित्सा स्टाफ उपलब्ध नहीं है।

पखांजूर सिविल अस्पताल में महतारी एक्सप्रेस को हटाए जाने से मरीजों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। डिसर्ट्रिक्ट मैनेजर लीलेश नाग ने इस स्थिति के पीछे का कारण शासन द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी न होना बताया है। उन्होंने कहा कि टेंडर होने पर तकनीशियनों की नियुक्ति फिर से हो जाएगी। इस गंभीर समस्या के कारण विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा सुविधा मिलने में बाधा आ रही है, जो उनके जीवन के लिए खतरा बन सकती है। 102 एम्बुलेंस सेवा से ईएमटी आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन को हटाना और गाड़ी में केवल ड्राइवर का होना, खासकर गर्भवती महिलाओं के लिए, एक बहुत ही गंभीर समस्या है।




कुशल सहायता का अभाव कई बार आपातकाल के दौरान खासकर गाड़ी में ही प्रसव के समय एक गर्भवती महिला को तत्काल और कुशल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होती है। ड्राइवर परिवहन के लिए आवश्यक हैं, लेकिन वे चिकित्सा आपातकाल या प्रसव संबंधी जटिलताओं को संभालने के लिए प्रशिक्षित नहीं होते हैं।

स्थानीय ग्रामीण शुक्लू यादव, हरेराम, रमेश कुमार, सोनिया बाई का कहना है कि शासन एवं स्वास्थ्य विभाग को जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान के टेंडर प्रक्रिया पूरी करे ताकि महतारी एक्सप्रेस में योग्य चिकित्सा तकनीशियनों की नियुक्ति हो सके।

## पेज 11 का शेष

### माओवादियों ने भटकाया...

शोषण, अत्याचार, हिंसा से तंग आकर सीपीआई माओवादी संगठन उत्तर बस्तर डिवीजन के अंतर्गत परतापुर, रावघाट एरिया कमेटी एवं माड़ डिवीजन में सक्रिय 13 नक्सलियों ने समर्पण किया है। कांकेर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में समर्पण करने वाले 13 नक्सलियों ने कई बातें बताई और उनका यहीं कहना था कि अब हमें पुर्नजीवन मिल गया है। जान बचाने के लिए जंगल जंगल जो भटकना पड़ता था, उससे राहत मिल जाएगी। सरकार ने हमें वापिस लाया है और सरकार की मदद से नए जीवन को संवारने का काम करेंगे। बस्तर में दूसरो राज्यों से आकर अशांति फैलाने वालों को रोकने के लिए सरकार की मदद भी करेंगे। समर्पण करने वालों ने कई मददगारों के नाम का खुलासा किया है, जिनके नाम फाईल में कैद है। पुलिस अब उनको भी जेल की सलाखों में भेज सकती है।

### मंत्री हुए अंदर...

किया गया। अंतागढ़ विधायक ने कहा कि जनता ने कांग्रेस के आर्थिक नाकेबंदी को नाटक बताया। ईडी की प्रेस रिलीज से स्पष्ट है कि चैतन्य बघेल को 16.70 करोड़ रुपये की पीओसी प्राप्त हुई थी। चैतन्य ने उक्त पीओसी को मिलाने के लिए अपनी रियल एस्टेट फर्मों का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा, चैतन्य पर शराब घोटाले के 1000 करोड़ रुपए से अधिक के पीओसी को संभालने का भी आरोप है। आर्थिक नाकेबंदी में पूर्व सीएम भूपेश बघेल को विशेषज्ञता हासिल है। शासन में जब थे तो कोल, महादेव एप्प, चावल, शराब, पीएससी, घोटाला करके प्रदेश के आर्थिक विकास की नाकेबंदी इन्होंने करवाई थी। प्रदेश की जनता ने आर्थिक नाकेबंदी का विरोध किया। व्यापारिक और श्रम संगठनों ने इनकी नाकाबंदी का विरोध किया था। जनता भी खुलकर इनकी अराजकता के विरोध में आई। उसी का परिणाम रहा कि जनता ने सरकार से उतार दिया।अंतागढ़ विधायक ने कहा कि बीते पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार ने शराब नीति के नाम पर न सिर्फ प्रदेश की जनता को नशे में डुबोने का काम किया, बल्कि सुनियोजित सिंडिकेट बनाकर नकली होलोग्राम युक्त शराब शासकीय दुकानों के माध्यम से बेचकर छत्तीसगढ़ महतारी को लूटने का काम किया। नशे के कारोबार से भरपूर भ्रष्टाचार हुआ और हजारों करोड़ की अवैध कमाई सत्ता के गलियारों में बांटी गई, इस लूट की सबसे बड़ी कीमत छत्तीसगढ़ की जनता और युवा पीढ़ी को चुकानी पड़ी है। पुत्र मोह ने महाभारत करवा दिया, यही आर्थिक नाकेबंदी कांग्रेस की थी, जिसे जनता ने पांच साल देखा। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण ही शराब, कोल, महादेव सट्टा एप्प, पीएससी, जैसे भूपेश सरकार के घोटालों पर कड़ी कार्यवाही हो रही है, दोषी जेल की सलाखों में जाते जा रहे है और अभी कई दोषी जेल जाएंगे।

### अंचल में मनाई...

कृषि औजारो नागर, गैंती, फावड़ा, कुदाली, टंगिया, बसुला, सब्बल, हंसिया व अन्य कृषि यंत्रों साफ कर पूजा अर्चना किया। साथ ही छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला रोटी भोग अर्पित किए किया। युवा और बच्चे गेड़ी चढ़ने का मजा लिया। लोगों द्वारा अपने घरों के दरवाजे में नीम के पत्ती को लगाया गया। इस तरह सावन की रिमझिम बारिश को लुप्त उठाते हुए हरेली का पर्व अंचल में मनाया गया।

### स्वामी आत्मानंद पटौद...

अध्ययन-अध्यापन ही नहीं कराया जाता बल्कि व्यवहारिक शिक्षा भी प्रदान की जाती है। विद्यालय के लगभग आधे एकड़ जमीन पर विद्यार्थियों द्वारा प्रतिवर्ष सब्जियों का उत्पादन किया जाता है। इस वर्ष भिंडी की खेती की गई है, जिसमें कृषि विद्यार्थियों द्वारा समय समय पर निंदाई, कोड़ाई, खाद और पानी दिया जाता है। इस प्रकार छात्र उन्नत एवं आधुनिक कृषि के तकनीकी को सीखने समझने का प्रयास करते है। वर्तमान में कक्षा नवमी से बारहवीं तक कुल 130 विद्यार्थी कृषि पाठयक्रम का अध्ययन कर रहे है। छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली में समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

### फाइनेंस कंपनी के...

थे, जिसमे से केवल 14 लाख 21 हजार 851 रूपएं कंपनी में भुगतान किया। बचत 18 लाख 22 हजार 419 रूपएं ग्राहकों से लेकर धोखाधड़ी किया है। उक्त धोखाधड़ी के कारण ग्राहकों को आर्थिक नुकसान होने के साथ कंपनी की छवि धूमिल हुई है। आरोपी प्रसंजित बाला द्वारा ग्राहकों एवं कंपनी के साथ विश्वासघात कर धोखाधड़ी कर 18 लाख 22 हजार 419 रूपएं की ठगी की गई है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रसंजीत बाला के खिलाफ धारा 316 (4), 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

# हत्याकांडः तीसरा आरोपी सेवन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

अवैध प्रेम संबंध से जुड़े हत्या के एक जघन्य मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए फरार चल रहे तीसरे आरोपी सेवन गोंड को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले मामले में मृतक की पत्नी रवीना नागरची उर्फ रविना नागेश और उसके प्रेमी बिदेश मरकाम को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामला 30 जून को सामने आया था जब ग्राम मगेदा के जंगल क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ था। थाना माकड़ी में मर्ग दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई, जो बाद में हत्या का मामला निकला और धारा 103 भा.न्या.सं. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल व एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी जांच के बाद मृतक की पहचान धरमसिंह नेताम निवासी उमरगांव थाना सिहावा के रूप में हुई। मोबाइल डेटा और पूछताछ के आधार पर उसकी पत्नी और प्रेमी को 12 जुलाई को गिरफ्तार किया गया।



पूछताछ में सामने आया कि हत्या में एक तीसरा आरोपी सेवन गोंड भी शामिल था, जो घटना के बाद से फरार चल रहा था। 24 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे ग्राम गम्हरी बाजार चौक के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने घटना में शामिल होना स्वीकार किया और हत्या में प्रयुक्त मोटर साइकिल सीजी 05 यू 9226 एचएफ डिलक्स और एक मोबाइल पुलिस को सौंपा। इस कार्रवाई में थाना माकड़ी और साइबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# सीटी बजाकर मितानिनें चला रही है जन जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के ग्राम पंचायतों में इन दिनों मितानिने जन जागरूकता अभियान चला रही है। उनके द्वारा सीटी बजाये जाने से ग्रामीण समझ जाते हैं कि कोई जरूरी बात होने वाली है और दरवाजे खुलने के साथ ही ग्रामीण घर से बाहर आते हैं और मितानिनें हाथ में झोला, चेहरे पर मुस्कान और स्वास्थ्य का संदेश सेवा का संकल्प लेकर उनसे चर्चा करती है। इस अनोखी मुहिम के तहत जिले की मितानिनों ने अब सूचना पहुंचाने का यह नया तरीका अपनाया है, जिसमें वे गांव में सीटी बजाकर घर-घर जाकर मातृ और शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, मलेरिया, एनीमिया, पोषण और स्वच्छता जैसे जरूरी विषयों पर जागरूक करती हैं।



इस प्रकार सीटी की आवाज जैसे ही गांव में गूंजती है, तो बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाएं घरों से बाहर आ जाती हैं। सबको पता होता है। अब कुछ जरूरी जानकारी मिलने वाली है। गांव की एक मितानिन, फूलवती, बताती हैं। पहले लोग आसानी से बात नहीं सुनते थे, लेकिन अब सिटी की आवाज उन्हें खींच लाती है। ग्रामीण खुद पूछने लगते हैं कि क्या जानकारी लाए हो आज इस पहल को असरदार बनाने के लिए मितानिनों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ सही जानकारी दे सकें और जरूरत पड़ने पर प्राथमिक सलाह और मार्गदर्शन भी दे सकें।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि मितानिनें सिर्फ स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं, बल्कि गांव की सच्ची साथी हैं। उनका यह नवाचार वाकई सराहनीय है और इससे ग्रामीण स्वास्थ्य प्रणाली को नई ताकत मिल रही है। आज दंतेवाड़ा के कई गांवों में यह पहल एक नई परंपरा बन चुकी है। यह सिर्फ जानकारी देने का जरिया नहीं, बल्कि विश्वास जगाने की एक प्रक्रिया है जहां हर बजती सिटी एक संदेश देती है कि आपकी सेहत की जिम्मेदारी हमारी भी है।

# केशामुंडी स्कूल में ताले की गूंज बच्चों के भविष्य पर सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज : भोपालपटनम

बीजापुर जिला अंतर्गत भैरमगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत केशकुतुल के आश्रित ग्राम केशामुंडी की प्राथमिक शाला इन दिनों शिक्षकों के अभाव में वीरान पड़ी है। स्कूल खुले एक महीना से ज्यादा हो गया है। 16 जून से शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन अब तक वहां एक भी शिक्षक की नियुक्ति नहीं हुई है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब शराब दुकानें समय पर खुल सकती हैं, तो फिर बच्चों को शिक्षा देने के लिए स्कूल क्यों नहीं खुलता, शिक्षकों की अनुपस्थिति का कारण पूछने पर शिक्षा विभाग द्वारा संतोषजनक जवाब तक नहीं दिया जा रहा है। शिक्षा दूत तक देने से इनकार किया गया, जिससे यह सवाल उठता है कि आखिर इस स्कूल का जवाबदेह कौन है। गांव के लोग सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी आवाज उठा रहे हैं और स्कूल की बदहाली का फोटो साझा कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि तत्काल शिक्षक की नियुक्ति की जाए और स्कूल संचालन सुनिश्चित किया जाए।

- स्कूल जब से खुली है तब से आज तक कोई शिक्षक पढ़ाने नहीं आया



गौरतलब है कि यह मामला सिर्फ एक स्कूल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र में सरकारी शिक्षा व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़ा करता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना उसका हक है। लेकिन केशामुंडी के बच्चों के साथ यह हक अभी भी दूर की बात लगता है। सवाल उठता है कि एक महीने से अधिक समय से स्कूल में शिक्षक क्यों नहीं पहुंचे, शिक्षा विभाग ने अब तक क्या कार्रवाई की, बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी कौन लेगा, ग्रामीणों और पालकों ने शिक्षा विभाग से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो गांव के लोग बीजापुर जाकर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत करेंगे। महिला सरपंच पार्वती उरसा से जब जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा बिलकुल सही है कि इस सत्र में स्कूल जब से खुली है तब से आज तक कोई शिक्षक प्राथमिक शाला केशामुंडी में पढ़ाने नहीं आया है। बच्चे स्कूल बंद रहने के कारण वापस घर लौट जाते हैं। साथ ही सरपंच ने पंचों के माध्यम से खबर भी कई बार कार्यालय में भेजवाई लेकिन कोई भी अधिकारी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने आगे कहा पिछले डेढ़ महीने से गुरुजी ड्यूटी में नहीं आए लेकिन वेतन कैसे निकाल देते हैं। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी जैतराम से इस मामले में जब जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि प्राथमिक शाला केशामुंडी में एक शिक्षक की नियुक्ति की गई है जो एक आश्रम का अधीक्षक भी है।

आश्रम एवं स्कूल की दूरी अधिक होने की वजह से नहीं जा पा रहा होगा। साथ ही सीएसी से भी बात करता हूं अगर सही में नहीं जा पा रहा होगा तो नियमानुसार कार्रवाई के लिए आगे जानकारी भेज दी जाएगी। बीईओ के बारे में बताया कि उनका ट्रांसफर दुर्ग हो गया है लेकिन अभी तक वे प्रभार किसी को नहीं सौंपे है। जिले से भी कोई जानकारी भार मुक्त की आफिस में नहीं आया है।

# उद्यानिकी विभाग ने किसानों को दिया पावर वीडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा में उद्यानिकी विभाग द्वारा यांत्रिकीकरण योजना के अंतर्गत किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को कृषि कार्यों में सुविधा और उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बसन्त कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप, कृषि सभापति हिड़मो राम मंडावी, मंडल अध्यक्ष मंगतूराम कश्यप, नरसिंह ठाकुर, भारत कश्यप, सूरज सिठिया, उमर भद्रापक, फालगुनी सहित नागरिक उपस्थित रहे। इस योजना से किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन हेतु प्रेरित किया जा रहा है। पावर वीडर जैसे उपकरण खेत की तैयारी, निराई-गुड़ाई और अन्य कार्यों को सरल और तेज बनाते हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि भविष्य में और भी यांत्रिक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल का स्वागत किया और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।



# विद्यार्थियों ने मंत्री पद की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा ब्लॉक के नेगानार शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रणवीर गौतम एवं संस्था के पदस्थ शिक्षक, शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में कक्षा पहली से 12वीं तक विभिन्न पद हेतु निर्वाचित कार्य को सम्पन्न कराया गया। इसी सिलसिले में कार्यक्रम के अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भोला श्रीवास्तव मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता रूक्मणी मौर्य सरपंच नेगानार तथा विशिष्ट अतिथि दामूदर बघेल थे।

जिन्होंने कार्यक्रम की शुरूवात में सरस्वती माता के छाया चित्र में पूजा, वंदना के साथ किया गया। विभिन्न पदों में निर्वाचित छात्र-छात्राओं को सेस पहनाकर विद्यार्थियों ने अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व भावना के साथ अपने दायित्वों की शपथ ली। मुख्य अतिथि भोला श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए नेतृत्व के महत्त्व पर



प्रकाश डाला और उन्हें ईमानदारी व समर्पण के साथ अपने पद की गरिमा बनाए रखने की प्रेरणा दीं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा नवगठित छात्र परिषद को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं गई। इस कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकार सुरेश सिंह, विद्यालय के समस्त छात्र- छात्रायें एवं संस्था के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रहें।

## शासकीय योजनाओं से सलमा के घर लौटी खुशियां



**सुकमा।** जिले के छिंदगढ़ विकासखण्ड एवं पंचायत अंतर्गत हॉस्पिटल कालोनी में निवास करने वाली सलमा रैनी गरीब मजदूर वर्ग की तलाकशुदा महिला हैं, जो वर्षों से अपने परिवार के साथ एक जर्जर खपरैल वाले कच्चे मकान में जीवनयापन कर रही थीं। आज वे पीएम आवास योजनांतर्गत नवनिर्मित पक्के मकान में आत्मसम्मान के साथ जीवनयापन कर रही हैं।

# पोलावरम को लेकर भाजपा नेताओं ने जताई चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कोंटा तहसील में पोलावरम बांध परियोजना से डूबान प्रभावित गांवों की स्थिति पर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पी. विजय नायडू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि

- बस्तर सांसद से मिला कोंटा भाजपा प्रतिनिधिमंडल
- सरकार से विस्तृत सर्वे वास्तविक आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग

प्रतिनिधिमंडल में देव आशीष राय जेट्टी रामाराव और एम. राजबाबू शामिल थे। जिन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इसके पश्चात बस्तर सांसद महेश कश्यप से भेंट कर पुनर्वास भूमि अधिकार और तटबंध निर्माण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। नायडू ने कहा कि आज तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि पोलावरम परियोजना से कोंटा तहसील के कितने गांव और कितनी जनसंख्या प्रभावित होगी। प्रतिनिधि मंडल यह मांग करती है कि सरकार विस्तृत सर्वे कर वास्तविक आंकड़े सार्वजनिक करे और डूबान प्रभावितों के लिए सम्मानजनक पुनर्वास वैकल्पिक कृषि भूमि रोजगार स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करें। विशेष चिंता उन कृषकों को लेकर है जो पीढ़ियों से खेती कर रहे हैं, लेकिन जिनके पास आज तक भूमि का वैध पट्टा नहीं है। ऐसे किसानों को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत व्यक्तिगत वन अधिकार मिलना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल यह मांग करती है कि सभी प्रभावित गांवों में फलिया टोला स्तर पर वन अधिकार समितियों का गठन कर प्रत्येक व्यक्ति से व्यक्तिगत वन अधिकार के लिए आवेदन लिया जाए और हर टोला की पारंपरिक सीमा का नक्शा तैयार कर सामुदायिक वन संसाधन अधिकार की प्रक्रिया आगामी 6 माह में पूर्ण की जाए।

भाजपा नेता नायडू ने कहा कि चूंकि यह क्षेत्र अनुसूचित पाँचवीं अनुसूची क्षेत्र है। इसलिए यहां भूमि के बदले भूमि देना कानूनी रूप से अनिवार्य है। केवल मुआवजा देकर विस्थापन न्यायसंगत नहीं होगा। साथ ही जहां पुनर्वास किया जाएगा। वहां पर भी उतने ही वन संसाधनों पर अधिकार देना जरूरी है। कोंटा नगर को डूबान से बचाने हेतु एक मजबूत तटबंध बांध सुरक्षा दीवार की आवश्यकता को लेकर भी चर्चा की गई। जिसे सांसद महेश कश्यप ने गंभीरता से लिया और संसद में मुद्दा उठाने का आश्वासन दिया। साथ ही मुख्यमंत्री व केंद्रीय जल संसाधन मंत्रालय को ज्ञापन सौंपे जाने की प्रक्रिया भी शीघ्र की जाएगी। नायडू ने कहा भाजपा विकास के साथ-साथ जन अधिकारों की रक्षा में पूरी प्रतिबद्धता से खड़ी है। पोलावरम परियोजना से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति को न्याय दिलाना पार्टी की प्राथमिकता है।

# बिना बिल के महंगे दामों पर बेची जा रही है खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड मुख्यालय बकावंड स्थित किसान कृषि केंद्र में इन दिनों डीएपी खाद की बिक्री को लेकर गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें आ रही हैं। ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि केंद्र के संचालक द्वारा डीएपी खाद बिना बिल के और तयशुदा दर से अधिक मूल्य पर बेची जा रही है।

- बकावंड के किसान कृषि केंद्र में डीएपी खाद की कालाबाजारी

जानकारी के मुताबिक वर्तमान में किसानों को डीएपी खाद 1750 में खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है, जबकि शासन द्वारा इसकी निर्धारित दर इससे कम है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि दुकानदार द्वारा रसीद



या बिल दिए बिना खाद बेची जा रही है। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब किसानों को खेती के जरूरी समय में खाद की सख्त जरूरत होती है और उन्हें दुकानदार द्वारा बताए गए मनमाने दाम पर ही खाद खरीदना पड़ रही है।

***बिल जरूर लें किसान***

इस पूरे मामले को लेकर जब कृषि अधिकारी मोहन कश्यप से चर्चा की गई तो उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद की दर शासन द्वारा निर्धारित की जाती है। यदि कोई विक्रेता इससे अधिक राशि वसूलता है, तो उसके विरुद्ध निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि खाद या किसी भी कृषि सामग्री की खरीदी करते समय विक्रेता से अनिवार्य रूप से बिल प्राप्त करें, जिससे भविष्य में होने वाले किसी विवाद या कार्रवाई में सबूत के तौर पर उसे उपयोग किया जा सके। उल्लेखनीय है कि यह दुकान जिला सहकारी बैंक के सामने मेन रोड बकावंड में संचालित है, जहां रासायनिक खाद, कीटनाशक, उन्नत बीज, ड्रिप सामग्री, मल्चिंग, कृषि उपकरणों सहित सब्जी पौधों की नर्सरी भी उपलब्ध कराई जाती है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस मामले में कब तक संज्ञान लेता है और क्या कार्रवाई करता है। इस प्रकार की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाने की मांग ग्रामीणों और किसानों ने की है ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हो और गरीब किसानों का शोषण न हो।

**मामले की जांच होगी**

खाद की कीमतें शासन द्वारा तय की जाती हैं। कृषि केंद्र संचालक इस से ज्यादा कीमत पर खाद विक्रय नहीं कर सकते, किसानों को खाद का बिल दुकानदार से लेना चाहिए। मामले की जांच की जाएगी।

-मोहन कश्यप,
कृषि अधिकारी, बकावंड

# समय सीमा में पाठ्यक्रम का अध्यापन करें पूर्णः जिला शिक्षा अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में बुधवार को विकासखंड स्तरीय अधिकारी, प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी और जिला मिशन समन्वयक उमाशंकर तिवारी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान पाठ्य पुस्तक वितरण की समीक्षा और रजत जयंती समारोह पर चर्चा की गई। बेगलेस डे के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निर्धारित अवधि में पाठ्यक्रम विभाजन कर अध्यापन कार्य पर चर्चा एवं परीक्षा संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन अगस्त के प्रथम सप्ताह में सभी स्कूलों में एक ही दिन मनाने का निर्णय लिया गया। न्योता भोजन सभी स्कूल में कराने एवं पोर्टल पर नियमित एंट्री कराने के निर्देश दिए गए। यूडाइस पोर्टल पर बच्चों को अगली कक्षा मे अपडेट करने और शाला त्यागी एवं अप्रेवशी बच्चों को स्कूल मे पुनः प्रवेश दिलाने हेतु कार्य करने के निर्देश दिए गए। सभी स्कूलों में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधा लगाने और पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए गए।

# स्वावलंबी भारत अभियान में शामिल हुए 40 स्वयं सेवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सजीवन कुमार राष्ट्रीय सेवा योजना शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में 42 स्वयं सेवक सहित 2 कार्यक्रम अधिकारी झूलेलाल मंगलम बिलासपुर में आयोजित स्वावलंबी भारत अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यशाला में बताया गया कि आज के समय में प्रतियोगिता के दौर में हर युवाओं को शासकीय रोजगार मिलना संभव नहीं है। इसलिए युवाओं को स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बढ़ने हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें शामिल सभी स्वयं सेवकों के मन में अपने आसपास के परिवेश अनुरूप स्वरोजगार स्थापित करने प्रेरित हुए। इस कार्यशाला में कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी और अनिक्षा अंचल शामिल रहे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100
TEAM CREATIVE

## खबर संक्षेप

### मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प होगा 28 को

**दंतेवाड़ा।** रक्तदान एक महादान है और इससे हम किसी जरूरतमंद को जीवनदान दे सकते है। इस परिप्रेक्ष्य में 28 जुलाई को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, दंतेवाड़ा द्वारा जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कैम्प का आयोजन जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस के सहयोग से किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आम नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों, सामाजिक संगठनों एवं विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे सभी इस शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जरूरतमंदों के जीवन में आशा की नई किरण बनें। क्योंकि रक्तदान से कई जीवन सुरक्षित हो सकते है।

### एबीईओ ने शिक्षा गुणवत्ता को लेकर दिए निर्देश



**बस्तर।** सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी द्वारा अपने सतत निरीक्षण के क्रम में संकुल चपका के प्राथमिक शाला सडकपारा चपका, माध्यमिक चपका का निरीक्षण किया गया। जिसमें मध्यान्ह भोजन व्यवस्थित पाया गया। बच्चों का शैक्षणिक स्तर सन्तोषप्रद था। संकुल कुम्हली के प्राथमिक व माध्यमिक शाला बोरछेपडा का अवलोकन किया। यहां प्राथमिक शाला में बच्चों का स्तर सन्तोषप्रद था। वही माध्यमिक में बच्चों की उपस्थिति औसत से कम थी स्थिति सुधार करने निर्देशित किया गया। बोरछेपडा पारा प्राथमिक शाला में नवीन भवन की नितांत आवश्यकता है, दर्ज संख्या लगभग 82 है। मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता की कमी पाई गई। स्तर आशा के अनुरूप पाया गया। माध्यमिक शाला व पद दर्ज के अनुपात में उपस्थिति कम पाए जाने पर स्थिति सुधारने प्रभारी को निर्देशित किया गया। मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार बनाने निर्देशित किया गया। अगले क्रम में प्राथमिक ,व माध्यमिक शाला गुफनी संकुल उमरगांव का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान बीआरसी अजम्भर कोर्राम व संकुल समन्वयक कुम्हली महेश बैस साथ मे उपस्थित थे।

### गरिमामय पूर्ण रूप से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम आगामी स्वतंत्रता दिवस के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक तैयारियां के रूप रेखा के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। इसके अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस का दंतेवाड़ा में गरिमामय पूर्ण रूप से आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा पुलिस एवं नगर सैनिकों की टुकड़ियों द्वारा सलामी ली जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन हेतु पूर्व की भांति अन्य विभागों को दायित्व सौंपे गये।

### इनोवेशन टू स्टार्टअप थीम पर हुई कार्यशाला



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में इनोवेशन टू स्टार्टअप पर कार्यशाला आयोजित की गई। आईआईसी के द्वारा आयोजित चतुर्थ क्वार्टर की कार्यक्रम के तहत यह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रोफेसर डॉ के पी यादव, वाईस चांसलर, मैट्स विश्वविद्यालय अतिथि वक्ता के रूप में ऑनलाइन उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को नवाचार हेतु मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग में नवाचार करने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### दुर्गूकोंदल को मिली वॉटर सोलर टैंकरों की सौगात



**दुर्गूकोंदल।** हरेली पर्व के अवसर पर दुर्गूकोंदल के रहवासियों को सोलर एनर्जी से संचालित वॉटर टैंक लगवा कर पानी की समस्या से मुक्ति दिलाई गई। गोयल ग्रुप के माइंस प्रबंधन को सरपंच द्वारा जब दुर्गूकोंदल में पानी की समस्या से अवगत करवाया गया तो माइंस प्रबंधन द्वरा शीतलापारा, बाज़ारपारा और थानापारा में स्थान चयनित कर तीन नग वॉटर टैंक स्थापित करवाए गए। यह सोलर एनर्जी द्वारा संचालित होंगे। इस अवसर पर दुर्गूकोंदल सरपंच शकुंतला नरेटी, उतरा वारे, पीदुर्गे, ओम दुग्गा, करिश्मा दुग्गा, सरोज दुग्गा एवं गोयल ग्रुप के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत पटौल निवासी 33 वर्षीय बन्नू नेताम ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पटौद निवासी 35 वर्षीय सनवास नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 22 जुलाई को रात 10 बजें अपने घर के कमरा में गमछा से फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने आत्महत्या क्यो किया, यह अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के पूर्व युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत भीरावाही निवासी 35 वर्षीय तारेंद्र सिंह का अज्ञात कारणों के चलते 23 जुलाई को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक को मृत अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### ढलाई करते युवक को लगा करंट, हुई मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत बर्रेबेड़ा निवासी 24 वर्षीय राजाराम का करंट लगने से मौत हो गया। बर्रेबेड़ा निवासी श्याम सुंदर कृषाण ने पुलिस को बताया कि ग्राम ईर्राबेड़ी के नवनिर्मित मकान में 23 जुलाई को मकान ढाई का काम करते समय मृतक बिजली लाईन के संपर्क में आने से बेहोश हो गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने उसकी मौत होने की पुष्टी किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

पर्व : विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर तरह तरह की भाजियां खाई

# परलकोट अंचल में परंपरागत ढ़ंग से आदिवासी समाज ने मनाया हरेली तिहार, की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

हरेली तिहार जब प्रकृति से जुड़ता है विज्ञान और संस्कृति, सावन की सुरमई फुहारों के बीच जब छत्तीसगढ़ का कण-कण हरियाली की चादर ओढ़ लेता है तब आदिवासी समाज मनाता है अपना गौरवशाली पर्व हरेली तिहार। यह सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति अगाध श्रद्धा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामुदायिक सौहार्द का एक अनूठा संगम है। लोक साहित्यकार डॉ. कृष्णपाल राणा के शब्दों में बस्तर में प्रचलित हरेली तिहार प्रकृति पूजा और वैज्ञानिक तथ्यों का एक जीवंत उदाहरण है।

सावन का महीना अपने साथ सिर्फ हरियाली ही नहीं, बल्कि जीवनदायिनी वनस्पतियों का खजाना भी लेकर आता है। इस दौरान नदी-नाले अपनी पूरी रवानी पर होते हैं और प्रकृति अपने चरम पर होती है। हरेली तिहार के अवसर पर, आदिवासी समाज विभिन्न प्रकार की भाजी, कंदमूल और वनस्पतियों का उपयोग करता है। यह केवल स्वाद के लिए नहीं, बल्कि इनके पीछे गहरा वैज्ञानिक रहस्य छिपा है। ये वनस्पतियां वर्ष भर मनुष्य को बीमारियों से लड़ने की ताकत देती हैं। आदिवासी समुदाय की सदियों पुरानी ज्ञान परंपरा इन वनस्पतियों के औषधीय गुणों से भली-भांति परिचित है और हरेली के माध्यम से इसे पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित किया जाता है। इस दौरान कई दुर्लभ जंगली भाजियों का सेवन किया जाता है जो विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती हैं। ये न केवल रोग प्रतिरोधक



क्षमता को बढ़ाती हैं बल्कि मौसमी बीमारियों से भी बचाव करती हैं। यह दिखाता है कि कैसे आदिवासी समाज ने अपने जीवन को प्रकृति के साथ इस प्रकार सामंजस्य बिठाया है कि उनकी परंपराएं ही उनके स्वास्थ्य और कल्याण का आधार बन गई हैं। ग्रामीण हजारू उसेंडी, कमलेश पटेल, ऊषा रानी ने बताया आस्था और श्रम का सम्मान का प्रतीक है हरेली त्योहार। इस दिन आदिवासी समाज के लोग अपने ग्राम की देवी स्थल देवगुड़ी में एकत्रित होते हैं और गांव की इष्ट देवी, कुल देवी-देवताओं को अर्पण करते हैं। यह एक सामूहिक प्रार्थना है जिसमें पूरे गांव की खुशहाली और समृद्धि की कामना की जाती है। यह आयोजन समुदाय के भीतर एकजुटता और अपने आराध्यों के प्रति गहरी आस्था को दर्शाता है। इसके साथ ही इस पर्व पर खेतों में उपयोग होने वाले औजारों की भी विशेष पूजा की जाती है। हल, कुदाल, गैंती जैसे कृषि उपकरणों को धोकर, साफ-सुथरा कर उनकी विधि-विधान से पूजा की जाती है। यह किसान के श्रम के प्रति सम्मान और उन उपकरणों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक है जिनके माध्यम से अन्न पैदा होता है। यह एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि जिस प्रकार हम प्रकृति का सम्मान करते हैं, उसी प्रकार हमें उस श्रम और साधनों का भी सम्मान करना चाहिए जो हमारे जीवन का आधार हैं।

## भानुप्रतापपुर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक में तय की रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का संभाग स्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय कांकेर में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारी के लिए भानुप्रतापपुर में बैठक का आयोजन किया गया और तैयारी को लेकर रणनीति तैयार किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा भारतीय जनता पार्टी सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावना को लेकर चलने वाली पार्टी है, जिसमें पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रतिनिधित्व रहेगा, लेकिन कार्यक्रम को सभी सुचारू रूप से सभी भाजपा के कार्यकर्ता निर्वहन करेंगे। सरकार की मंशा स्पष्ट है कि पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व संपूर्ण प्रदेश में हो इसीलिए यह संभाग स्तरीय कार्यक्रम कांकेर में होने वाला है, जिसमें समाज का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री टेकेश्वर जैन और जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि यह समाज के बीच कई भ्रांतियां हैं, जिसे समाज के बीच रहकर ही दूर किया जाएगा। सरकार पिछड़ा वर्ग के लिए बहुत सारे कार्य करने को उत्सुक है, जिसे कार्ययोजना बनाकर रखा जाएगा। मंडल अध्यक्ष डीगेश खापर्डे ने आश्वस्त किया कि पार्टी का जैसा निर्णय होगा, उसके अनुसार पूरी तैयारी करते हुए लक्ष्य को पूरा किया जाएगा।

बैठक के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा राजा पांडे, रत्नेश सिंह, अरविंद जैन, संकेत नसीने, हेम प्रकाश शिवहरे, जुगल किशोर शर्मा, राजीव श्रीवास, योगेश सोनवानी, चैतू राम आचला, जितेंद्र पांडे , सरिता जोशी, कौशल्या उईके, जगन्नाथ साहू, वरुण खापर्डे, मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी, ज्वाला प्रसाद जैन, कुंदन साहू, अभय पांडे, रिजवान कुरैशी, कश्तुर चंद्र जैन, मेघनाथ यादव, हेमंत अमिला, वीरेंद्र पहेल, महेश उर्वशा, भवन लाल पटेल, आकाश सोलंकी, विजय पंजवानी, नरेंद्र शर्मा, नरोत्तम चौहान, गजानन डडसेना, राहुल सिंह धुन्ने, राजेंद्र जैन, धर्मेंद्र रावटे, लक्ष्मण कुलदीप, दीपंकर मजूमदार व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के सावन झूला महोत्सव में खेलकूद की धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

नगर चारामा के वार्ड क्रमांक 12 में स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास के द्वितीय सोमवार 21 जुलाई को नगर की महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ सावन झूला महोत्सव मनाया गया। इस आयोजन में सावन की रानी प्रतियोगिता के साथ-साथ खेलकूद का भी आयोजन किया गया, जिसमें नगर की महिलाओं ने भाग लिया।

इस आयोजन में सावन की रानी प्रतियोगिता में प्रथम जयश्री सिन्हा, द्वितीय गंगा वाल्मीकि, तृतीय अल्का तिवारी रही, वही मटका फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम नीता पटेल, द्वितीय पींकी देवांगन, तृतीय रक्षा पंजवानी रही, शहर नाम प्रतियोगिता में प्रथम नीतू कावड़े, द्वितीय छाया देवांगन, तृतीय दीपिका भवसार, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम रूखमणी देवांगन, द्वितीय चंपा देवांगन, तृतीय नंदनी यादव एवं छोटे बालक बालिकाओं की कुर्सी दौड़ भी रखी गई जिसका सबने आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप में हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व पार्षद उमा शर्मा, खुशी जोतवानी, रुचिता पटेल, नूतन बोस, अलका तिवारी, आशा श्रीवास्तव, कैलाश पटेल, ज्योति यादव, रजनी यादव, सौरभ यदु , गीतांजलि सुकदेवे, दीपिका सलाम, प्रियेश सेन, अमजद खान, चन्द्रशिवम सिन्हा, अंकित शर्मा एवं यमुना सिन्हा उपस्थित रहे।

## चरण पादुका योजना फिर से प्रारम्भ करने से तेंदूपत्ता संग्राहकों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

वन परिक्षेत्र दुर्गुकोंदल के वनोपज सहकारी समिति पेड़ावारी के ग्राम चिहरो में चरण पादुका वितरण किया गया, जिसमें अतिथियों ने महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका पहनाकर चरण पादुका योजना की दोबारा शुरुआत के बारे में बताया।

जनपद सभापति विकास राजु नायक ने कहा कि हमारी सरकार वानांचल क्षेत्र के निवासी और तेंदूपत्ता संग्राहक भाइयों-बहनों के जीवन स्तर को सशक्त और सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। चरण पादुका योजना उन परिश्रमी हाथों के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है, जो कठिन परिस्थितियों में वनोपज संग्रहण का कार्य करते हैं। तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों का राज्य की अर्थव्यवस्था, वनोपज आधारित रोजगार और स्थानीय समृद्धि में अमूल्य योगदान है। उनकी मेहनत से ही छत्तीसगढ़ की वनोपज परंपरा जीवंत बनी हुई है और लाखों परिवारों को आजीविका का सहारा मिलता है। चरण पादुका योजना हमारे संकल्प पत्र मोदी की गारंटी



का महत्वपूर्ण वादा था, जिसे हमारी सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया है। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा कि प्रदेश में जैसे ही पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तब से एक एक करके मोदी की गारंटी को पूर्ण कर ही है और आज पुनः प्रदेश के 12 लाख 40 हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब प्रधानमंत्री की एक और गारंटी का सीधा लाभ मिलेगा। इस दौरान अध्यक्ष वनोपज सहकारी समिति पेड़ावारी मीना दुग्गा सरपंच चिहरो, उपसरपंच हरसिंग धुर्वा, वार्ड पंच गणेशराम चुरेंद्र, रंझिया राम धुर्वा, गुलशन नेवरा, एवन नायक, मिश्री लाल उयके, अनित उयके सहित खेम नेवरा शामिल रहे।

## ईरागांव स्कूल से कंप्यूटर और खेल सामग्री की चोरी, आरोपी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दमकसा चौकी अंतर्गत ईरागांव के हाईस्कूल में लगभग तीन सप्ताह पहले हुई चोरी की वारदात में पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश में जुट गई है। व्याख्यता के शिकायत करने के बाद तत्काल अपराध दर्ज न करते हुए देरी से अपराध दर्ज किया। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। दमकसा चौकी में शिकायत करने पहुंचे 50 वर्षीय बिरेन्द्र कुमार रावटे पिता अमर सिंह रावटे ने पुलिस को बताया कि शासकीय हाईस्कूल ईरागांव मे व्याख्यता के पद पदस्थ हूं। व्यख्याता ने दमकसा चौकी को बताया था कि 2 जुलाई की रात को हाईस्कूल ईरागांव में घुसकर दपर्ण, टेबल क्लाथ, घड़ी, कुर्सी टेबल, प्रोजेक्टर सिस्टम, बैटरी, कंम्यूटर सिस्टम, पुराना लैपटॉप, पुराना माईक बाक्स, पुराना टीवी 2 नग, स्टेशनरी खेलकूद सामाग्री जिसकी कुल कीमत लगभग 49 हजार रूपएं को अज्ञात चोर चोरी करके ले गया है। दमकसा चौकी ने मामले की




जाँच करने में 2, दिन से ज्यादा समय लगा दिया और 20 दिन बाद अपराध दर्ज किया गया। स्कूल से चोरी होने के चलते विद्यालय के शिक्षक भी परेशान है कि मंदिरो के बाद अब विद्यालय भी नहीं बच पा रहे है। चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नाबालिक बच्चों के शौक बढ़ते जा रहे है और उसकी पूर्ति के लिए नाबालिक चोरी करने में सक्रिय हो रहे है। नाबालिक चोरी करके जिसके पास सामान बेचते है, उस पर जब तक कड़ी कार्यवाही नहीं होगी, तब तक ऐसी चोरियों पर विराम लग पाना संभव नहीं दिखता है। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 (ई), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

## छोटेबेठिया छात्रावास में 22 सीटों की बढ़ोतरी, छात्र संगठन में खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

अबूझमाड़ के समीप स्थित छोटेबेठिया में संचालित शासकीय प्री मैट्रिक बालक छात्रावास में 25 अतिरिक्त सीटों की मांग के जवाब में 22 सीटों की स्वीकृति मिलने से आदिवासी छात्र युवा संगठन ने खुशी व्यक्त की है। संगठन ने मंडल संयोजक कार्यालय पहुंचकर इस निर्णय के लिए आभार जताया।

वर्तमान में यह छात्रावास 50 सीटों पर संचालित हो रहा था। छोटेबेठिया क्षेत्र अबूझमाड़ की सीमा से सटा हुआ है और इसकी भौगोलिक परिस्थितियां काफी विषम हैं। यहां के छात्रों को स्कूल पहुँचने के लिए कई नदियाँ पार करनी पड़ती है और स्कूल दो पालियों में संचालित होने के कारण दूरदराज के विद्यार्थियों को सुबह स्कूल पहुँचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सीटों में वृद्धि का यह निर्णय दूरस्थ अंचल के आदिवासी विद्यार्थियों के लिए आशा की एक नई किरण है। इससे अधिक बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जो न केवल उन्हें शिक्षा से जोड़ेगा बल्कि क्षेत्र से पलायन और ड्रॉपआउट की समस्या को कम करने में भी सहायक होगा। आदिवासी छात्र संगठन ने हालांकि शेष तीन सीटों को भी शीघ्र स्वीकृत करने की मांग की है, ताकि सभी इच्छुक छात्रों को छात्रावास में समुचित अवसर मिल सके। छोबेठिया छात्रावास में सीट वृद्धि का यह निर्णय आदिवासी विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के अवसरों में वृद्धि करेगा और इसे क्षेत्र के विकास तथा विद्यार्थियों के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## डागरा में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

नवप्रवेशी नौनिहालों के नवीन शाला में प्रवेश पहली, 6 वीं तथा 9 वीं प्रवेश के उपलक्ष्य शापूमाशा भण्डारडिगी में उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत भडारडिगी के उप सरपंच बिनोद कुमार मंडावी द्वारा छात्रों से कहा गया कि सभी अपने उद्देश्यों व सपनों की प्राप्त चाहते हो तो अपने गुरूओ का निर्देशों का पालन करें, सफलता लेने के लिए कठिन मेहनत करे। कार्यकम की अध्यक्षता कर रहे मयाराम कोमरा ने प्रवेश उत्सव ही सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के सतत विकास के हम सभी को शिक्षक-पालक मिलकर निरन्तर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर में संकुल प्राचार्य राजवती पोटाई द्वारा सभी संकुल अन्तर्गत सभी शलाओं की प्रगति एन आधारभूत संसाधकों की जानकारी दी गई व संकुल समन्वयक मैनूराम मंडावी ने शालाओं में नवप्रवेशी बच्चों की जानकारी साझा करते हुए जनप्रतिनिधियो से अपेक्षित सहयोग के लिए कहा। इस अवसर पर प्राचार्य शिवलाल कोमरे, घनश्याम कोवाची, धानेश्वर कोमरा, सोमसिंह ताराम एवं उमेश कुमार कोठारी, धनश्याम कोबाची, धानेश्वर ओमरा, सोमसिंह लारम व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## एक पेड़ माँ के नाम के तहत किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

वार्ड क्रमांक 1 संजयपारा भानुप्रतापपुर के आगनबाड़ी प्रांगण में 24 जुलाई को प्रेरणादायी पहल के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विशेष रूप से माँ के नाम पर एक वृक्ष रोपित किया गया। यह कार्यक्रम ना केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर आया, बल्कि मातृत्व को समर्पित एक सांस्कृतिक श्रद्धांजलि के रूप में भी देखा गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, वरिष्ठ समाजसेवी हेमप्रकाश शिवहरे, महिला बाल विकास विभाग की सुपर वाइजर ऊषा पोटाई, आबा कार्यकर्ता सरोज पंजवानी, मुरही बाई सांग्रे, पेमिन साहू, मीनाक्षी मंडावी व बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी सम्मिलित हुए जिन्होंने पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को संकल्पित भाव से प्रदर्शित किया।



### एक पेड़ मां के नाम के तहत रोपे पौधे और लिया संकल्प

**कोरर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोरर में कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद के मार्गदर्शन पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत फलदार, छायादार, औषधीय गुणों से युक्त पौधे एनसीसी, भारत स्काउट एवं गाइड, जूनियर रेडक्रास सोसायटी, इको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा पौधे रोपे गए तथा उन्हें बचाने के लिए संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य शिवराज टांडिया, अनुपम जोफर, एनएसएस प्रभारी जनक राम कोमरा, एनसीसी प्रभारी दुष्यंत सोनकर, भारत स्काउट एवं गाइड प्रभारी यामिनी मरकाम, जूनियर रेडक्रास सोसायटी प्रभारी हुमा पिस्दा, इको क्लब प्रभारी मोनिका जुर्री, नितिन ध्रुव, राजेंद्र नेताम, उषा बघेल एवं समस्त शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com

25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बाल कैबिनेट गठित, अविनाश को बनाया गया प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम कोटलभट्टी गांधी विद्या मंदिर में बाल कैबिनेट का गठन हुआ। गठन के पहले विद्यालय के बच्चों ने मंत्री बनने के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया।

प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी अविनाश मरकाम को मिला, वहीं बालिका वर्ग से गोदावरी वट्टी प्रधानमंत्री चुने गए। गरिमा कश्यप को उप प्रधानमंत्री चुना गया, अनुशासन प्रभार दीपक मरकाम, मोती मणी यादव, तन्नू यादव, मोहित सरोज, स्वास्थ्य मंत्री इवानी नेताम, युवराज नेताम, पूजा चन्द्रवंशी, तन्नु यादव, विक्रम गंजीर, सांस्कृतिक मंत्री पीयूष मरकाम, युवराज वट्टी, रिमा नेताम, सुनैना यादव, खेल मंत्री आदित्य नागेश, धीरज शोरी, रूबी नेताम, सुहाना नागवंशी, पुष्पांजली नेताम, स्वच्छता प्रभारी गौरीशंकर मरकाम,ढालेश्वर मंडावी, कावेरी मरकाम, गरिमा मरकाम,अनिशा



मरकाम, संतोषी मंडावी, रूपा मरकाम,ईमानसिका कोर्राम को मत देकर मंत्री बनाए गये। अन्य प्रभारी में समीर मरकाम, धीरज नेताम, शिवम,रोशन नेताम,डाकेश नेताम, प्रदीप नेताम, हिमांशु मरकाम, योहन नेताम, कुणाल साहू, विनय शोरी, विद्यालय से शिक्षक अमीर लाल मंडावी, ब एन महमल्ला, विवेक दास मानिकपुरी, देवकरण नेताम, संजय शोरी, प्रेम लाल वट्टी, शत्रुघ्न मरकाम ने चुनाव संपन्न कराया। सभी मंत्रियों को संस्था प्रमुख जेएस नेताम ने शपथ दिलाई।